









HINDI version



# स्वास्थ्य और सुरक्षा का परिचय

## छोटे व्यवसायों में स्वास्थ्य और सुरक्षा

HSE

An introduction to health and safety • Health and safety in small businesses

# It’s your business
## but we can help you look after it!




Getting hurt at work or becoming ill through work is not a pleasant subject to think about. The reality is that 250 people a year lose their lives at work in Britain. In addition, around 156 000 non-fatal injuries are reported each year, and an estimated 2.3 million suffer from ill health caused or made worse by work.



The mistake is to believe that these things happen in highly unusual or exceptional circumstances that never occur in your workplace. This is not the case. Some basic thinking and acting beforehand could usually have prevented these things from happening.



Implementing health and safety measures doesn’t have to be expensive, time consuming or complicated, in fact, safer and more efficient working practices can often save money but, more importantly, they can help to save lives.



This booklet shows you the kind of things which cause the more common accidents and harm to people’s health. It lets you see what applies to your work activities, and tells you how you can get more help and information.



This is especially important if you are in charge of work activities, eg you are an employer, because you have legal responsibilities.

# व्यवसाय तो आपका है, लेकिन इसकी देखरेख में हम आपकी मदद कर सकते हैं!



काम करते समय घायल होना या काम की वजह से बीमार होना एक ऐसी बात है जिसके बारे में सोचना भी बुरा लगता है। लेकिन हकीकत यह है कि ब्रिटेन में काम के दौरान साल में 250 लोग अपनी जान गंवा देते हैं। इसके अलावा, हर साल लगभग 156 000 ऐसी घटनाएं दर्ज कराई जाती हैं, जिनमें लोग घायल होते हैं पर अपनी जान नहीं खोते और अनुमान है कि काम के कारण 2.3 मिलियन लोग बीमार हो जाते हैं या उनकी सेहत गिर जाती है।



यह विश्वास करना भूल होगी कि ये घटनाएं बहुत अधिक असामान्य या अपवाद स्वरूप हालात में होती हैं, जो कि आपके कार्यस्थल पर नहीं हो सकती हैं। बात ऐसी नहीं है। सही तरह की सोच और समय रहते कार्रवाई हो जाए तो आम तौर पर ऐसी घटनाएं होने ही न पाएं।



स्वास्थ्य और सुरक्षा उपायों को लागू करना महंगा, बहुत समय लेने वाला या उलझन भरा होना जरूरी नहीं है, दरअसल सुरक्षित एवं कुशलता से काम करने के तरीकों से रकम तो बचती ही है, लोगों की जान बचाने में भी मदद मिलती है, जो कहीं ज्यादा जरूरी है।



इस बुकलेट में ऐसी चीज़ों के बारे में बताया गया है जो दुर्घटनाओं के आम कारण हैं और जिनसे लोगों को नुकसान होता है। इससे आपको यह जानकारी भी मिलेगी कि आपके कामकाज पर क्या नियम लागू होते हैं और यह भी पता चल जाएगा कि अधिक मदद व जानकारी आप कैसे हासिल कर सकते हैं।



अगर आप कामकाज के इन्चार्ज हैं, जैसे कि यदि आप नियोक्ता (एम्प्लायर) हैं, तो यह निहायत जरूरी है, क्योंकि कानूनी तौर पर भी आपकी जिम्मेदारियाँ हैं।

# Ten questions and answers for everyone

## What is health and safety all about?

Preventing people from being harmed by work or becoming ill by taking the right precautions - and providing a satisfactory working environment.

## Why are there health and safety laws?

Because health and safety at work is so important, there are rules which require all of us not to put ourselves or others in danger. The law is also there to protect the public from workplace dangers.

## Do health and safety laws apply to me?

Yes. To all businesses, however small; also to the self-employed and to employees.

## Who enforces health and safety law?

Inspectors from the Health and Safety Executive (HSE) or your local authority. For example:

- HSE at factories, farms and building sites;
- local authorities in offices, shops, hotels and catering, and leisure activities.

## What do inspectors actually do?

They visit workplaces to check that people are sticking to the rules. They investigate some accidents and complaints but mainly they help you to understand what you need to do. They enforce only when something is seriously wrong.

## Do I have to contact an inspector to get information?

No. HSE operates a confidential telephone information service called Infoline which is open Monday-Friday between 8 am and 6 pm. Advice can be provided in Hindi. You can contact Infoline by telephone 08701 545500 or fax 02920 859260, or e-mail hseinformationservices@natbrit.com. Alternatively you can write to HSE Information Services, Caerphilly Business Park, Caerphilly CF83 3GG.

## Do I need to register my business?

It's likely you will if you employ anyone - contact Infoline.

## Do I need to have employers' liability compulsory insurance?

It's the law if you employ anyone - and you should display the certificate. See the free leaflet, *Employers' Liability Compulsory Insurance Act 1969. A guide for employers* HSE40, available from HSE Books on 01787 881165 or from www.hsebooks.co.uk.

## Do I need to display any posters?

Yes, the health and safety law poster (ISBN 0 7176 2493 5) if you employ anyone. Alternatively you can provide your employees with individual copies of the same information in a free leaflet called *Health and safety law - what you should know* which is available in Hindi. The poster and leaflets are available from HSE Books.

## Do I have to report injuries at work?

Yes, and other incidents. For information on which ones and who should report them, see page 42.

## It's your business – so look after it!

# सभी के लिए दस सवाल और जवाब

## हैल्थ (स्वास्थ्य) और सेफ्टी (सुरक्षा) का मतलब क्या है?

सही सावधानी रखते हुए लोगों को काम के दौरान घायल या बीमार होने से बचाना – और कामकाज का सन्तोषजनक परिवेश बनाना।

## हैल्थ और सेफ्टी कानून क्यों बने हैं?

क्योंकि कामकाज के दौरान हैल्थ और सेफ्टी निहायत जरूरी है। ऐसे नियम हैं जिनके मुताबिक हम सब के लिए यह जरूरी है कि हम खुद को और दूसरों को खतरे में न डालें। ऐसे कानून भी हैं कि कार्यस्थल के खतरों से जनता को बचाया जाए।

## क्या हैल्थ और सेफ्टी कानून मुझ पर लागू होते हैं?

जी हाँ। सभी कारोबारों पर, भले ही वे छोटे कारोबार क्यों न हों, और अपना कारोबार करने वालों और कर्मचारियों पर भी।

## हैल्थ और सेफ्टी कानून को कौन लागू करता है?

हैल्थ एन्ड सेफ्टी एक्जीक्यूटिव – एच एस ई (Health and Safety Executive (HSE)) के इन्स्पेक्टर या आपके लोकल अथारिटी उदाहरण के लिए:

- फैक्ट्रियों, फार्मों और बिल्डिंग साइटों से जुड़े एच एस ई;
- कार्यालयों, दुकानों, होटलों और केटरिंग तथा मनोरंजन कार्यों के मामले के लोकल अथारिटी।

## इन्स्पेक्टर वास्तव में क्या करते हैं?

वे कार्यस्थलों का दौरा करके जाँचते हैं कि लोग नियमों का पालन करते हैं। वे कुछ दुर्घटनाओं और शिकायतों की खोजबीन भी करते हैं, लेकिन खास तौर पर वे आपको यह समझने में मदद करते हैं कि आपको क्या करने की जरूरत है। कानूनी बंदिश वे सिर्फ तब लागू करते हैं जब कुछ गम्भीर गलती हुई हो।

## जानकारी हासिल करने के लिए क्या मुझे इन्स्पेक्टर से संपर्क करना होगा?

जी नहीं। एच एस ई द्वारा गोपनीय टेलीफोन सूचना सेवा चलाई जाती है, जिसे इन्फोलाइन (Infoline) कहते हैं। यह सेवा सोमवार से शुक्रवार तक सवेरे 8 बजे से शाम 6 बजे तक उपलब्ध रहती है। हिन्दी में भी सलाह दी जा सकती है। आप इन्फोलाइन से टेलीफोन 08701 545500 या फैक्स: 02920 859260 या ईमेल: hseinformation services@natbrit.com पर जानकारी ले सकते हैं; या फिर आप इस पते पर पत्र लिख सकते हैं:

HSE Information Services,
Caerphilly Business Park,
Caerphilly CF83 3GG.

## क्या मुझे अपना कारोबार रजिस्टर कराना होगा?

ऐसा हो सकता है यदि आपने अपने कारोबार में किसी को रोजगार दे रखा है – इन्फोलाइन से सम्पर्क कीजिए।

## क्या मुझे एम्प्लायर्स लायबिलिटी कम्प्लसरी इन्श्योरेन्स (employers' liability compulsory insurance) लेना जरूरी हैं?

अगर आप किसी को नौकरी देते हैं तो कानून यही कहता है – और आपको प्रमाण-पत्र भी प्रदर्शित करना होगा। देखिए पत्रक: *एम्प्लायर्स लायबिलिटी कम्पलसरी इंश्योरंस एक्ट 1969 (Employers' Liability Compulsory Insurance Act 1969)*. HSE Books से *A guide for employers* HSE40 - (*अ गाइड फौर ऐम्पलायर्स* HSE40) प्राप्त करने के लिए **01787 881165** या **www.hsebooks.co.uk** पर सम्पर्क कीजिए।

## क्या मुझे पोस्टर भी लगाने होंगे?

जी हाँ, यदि आप किसी को नौकरी देते हैं तो हैल्थ और सेफ्टी लॉ पोस्टर (ISBN 0 7176 2493 5) लगाना होगा; या फिर आप *Health and safety law - what you should know (हैल्थ एंड सेफ्टी लॉ – व्हाट यू शुड नो)* के मुफ्त लीफलेट की कापियाँ अपने सभी कर्मचारियों को अलग-अलग दे सकते हैं जो कि हिन्दी में भी उपलब्ध है। ये पोस्टर और लीफलेट HSE Books से प्राप्त किए जा सकते हैं।

## क्या काम के दौरान हुई दुर्घटनाओं की रिपोर्ट मुझे करनी होंगी?

जी हाँ, और दूसरी घटनाओं की भी। किन घटनाओं की और कौन यह रिपोर्ट करे – इसकी जानकारी के लिए देखिए पृष्ठ 43.

**यह आपका कारोबार है – इसकी देखभाल कीजिए!**

# How to get further help in Hindi

This leaflet gives advice on the basics of health and safety. But you may need further advice on specific issues that affect your business.

HSE produces a great deal of guidance in English; at present we have little available in Hindi, but we are working on it. Details of the Hindi information that is currently available are contained in this leaflet.

In addition:

- HSE Infoline is a confidential telephone service that can provide free advice on health and safety issues in Hindi and many other languages. Contact Infoline on 08701 545500, say that you want to speak Hindi and they will normally have an interpreter online in 90 seconds. They will also be able to tell you what other Hindi publications are available.
- Asian business associations, Asian trades links and community associations etc are a good source of advice; HSE is working with these groups to help them advise you on health and safety.
- This leaflet includes details of some key English language leaflets. These may be of help if you have English-speaking staff or colleagues.
- As we produce new information in Hindi we will publish it on our website: www.hse.gov.uk

# हिन्दी में अधिक मदद कैसे प्राप्त करें

इस लीफलेट में आपको हैल्थ और सेफ्टी के बारे में सामान्य जानकारी दी गई है। लेकिन आपको आपके कारोबार पर असर डालने वाले खास मामलों पर और भी जानकारी की जरूरत पड़ सकती है।

एच एस ई अंग्रेजी में गाइडैन्स तैयार करती हैं हिन्दी में अभी बहुत कम है, लेकिन इस पर काम चल रहा है। इस समय हिन्दी में उपलब्ध सूचना का ब्यौरा इस लीफलेट में दिया गया है।

इसके अलावाः

- एच एस ई इन्फोलाइन एक गोपनीय टेलीफोन सेवा है, जिसपर हिन्दी तथा कई दूसरी भाषाओं में हैल्थ और सेफ्टी के मुद्दों पर मुफ्त सलाह दी जाती है। 0870 1 545500 पर इन्फोलाइन से सम्पर्क करें और बताएं कि आप हिन्दी बोलते हैं और आम तौर पर 90 सेकण्ड के भीतर दुभाषिया फोन पर आ जाएगा। वे आपको यह भी बता देंगे कि हिन्दी में दूसरे कौन से प्रकाशन उपलब्ध हैं।

- एशियन बिजनेस के संगठन, व्यापारों के सम्पर्क और कम्युनिटी यानि सामुदायिक संगठन आदि सलाह के अच्छे स्रोत हैं। एच एस ई इन ग्रुपों के साथ काम करता है ताकि वे आपको हैल्थ और सेफ्टी के बारे में सलाह दे सकें।

- इस लीफलेट में अंग्रेजी भाषा के खास-खास लीफलेट का ब्यौरा दिया गया है। यदि आपके पास अंग्रेजी बोलने वाले कर्मचारी या सहकर्मी हैं तो ये लीफलेट आपके लिए उपयोगी रहेंगे।

- हिन्दी में हम जैसे-जैसे नई जानकारी प्रकाशित करेंगे, वह हमारी वेबसाइट www.hse.gov.uk पर भी प्रकाशित होगी।

# How to use this booklet– how each section works

## List of topics


- Managing health and safety
- Slips, trips and falls
- Asbestos
- Hazardous substances
- Falls from a height
- Musculoskeletal disorders
- Display screen equipment
- Noise
- Vibration
- Electricity
- Work equipment and machinery
- Maintenance and building work
- Workplace transport
- Pressure systems
- Fire and explosion
- Radiation
- Stress
- First aid and accident reporting


No matter where you work, this booklet summarises the key common areas of risk at work and tells you how you can find out more to ensure that work is made safe.

On each page, you will see the sections headed like this:

The main text gives you a brief introduction to the subject.

### Does this concern me?

This section gives you some pointers to whether the subject is relevant to your business.

### What law applies?

This section gives you the main rules which apply in addition to the general duties in the Health and Safety at Work etc Act 1974.

### How and where you can get more help

This section is a selection of HSE publications which will give you more detailed information and guidance on the subject, and how to order them.*

At the bottom of each page you will find HSE's Internet address, and also HSE's Infoline number which you can ring if you need more information.

At the back of the book is a section on health and safety policy statements and a section on risk assessments.

The words 'hazard' and 'risk' are used throughout this leaflet. Hazard means anything that can cause harm (eg chemicals, electricity, working from ladders, etc). Risk is the chance, high or low, that someone will be harmed by the hazard.

* HSE Books will accept orders for single copies of up to 25 assorted free publications. You should allow 10 working days for delivery.

# इस बुकलेट का प्रयोग कैसे करें – हरेक भाग कैसे काम करता है?

## विषय सूची


स्वास्थ्य और सुरक्षा का प्रबंध

फिसलना, ठोकर खाना और गिरना

एस्बेस्टस

खतरनाक पदार्थ

ऊंचाई से गिरना

मांस-पेशियों और हड्डियों में चोट

डिस्प्ले स्क्रीन उपकरण

शोर

कम्पन

बिजली

काम के उपकरण और मशीनरी

देखभाल और भवन निर्माण

कार्यस्थल पर परिवहन

प्रेशर व्यवस्था

आग और विस्फोट

रेडिएशन

तनाव

फर्स्ट एड देना और दुर्घटना की रिपोर्ट करना


आप कहीं भी काम करते हों, इस बुकलेट में आपके काम के दौरान जोखिम के आम कारणों के बारे में मोटे तौर पर बताया गया और आपको यह जानकारी दी गई है कि काम को सुरक्षित बनाने के अन्य तरीके क्या हैं।

प्रत्येक पेज पर आपको ऐसे शीर्षक पढ़ने को मिलेंगेः

मुख्य पाठ में आपको विषय का छोटा सा परिचय दिया गया है।

### क्या इसका संबंध मुझसे है?

इस भाग में आपको ऐसे संकेत दिए गए हैं कि यह विषय आपके कारोबार से जुड़ा है या नहीं।

### कौन सा कानून लागू होता है?

इस भाग में खास नियम बताए गए हैं जो हैल्थ एण्ड सेफ्टी एट वर्क एटसेट्रा एक्ट, 1974 (Health and Safety at Work etc Act 1974) में बताए गए कर्त्तव्यों के अलावा लागू होते हैं।

### आपको अधिक मदद कहाँ और कैसे मिल सकती है?

इस भाग में एच एस ई प्रकाशनों का ब्यौरा है, जिनमें इस विषय पर विस्तृत जानकारी और मार्गदर्शन है तथा इनके लिए आर्डर कैसे दिया जाए बताया गया है।*

हर पेज के आखिर में आपको एच एस ई का इंटरनेट पता और एच एस ई इन्फोलाइन नम्बर मिलेगा, जहाँ से आपको और जानकारी मिल सकेगी।

पुस्तक के अन्त में एक भाग हैल्थ और सेफ्टी पालिसी के स्टेटमेन्ट यानि बयानों पर और एक भाग जोखिम के मूल्यांकन पर है।

इस पूरी लीफलेट में '**खतरा**' और **जोखिम**' शब्दों का प्रयोग किया गया है। खतरा का मतलब है ऐसी कोई भी चीज जो नुकसान पहुँचा सकती हो (जैसे रसायन, बिजली, सीढ़ियों पर चढ़कर काम करना, आदि)। जोखिम का मतलब है अवसर, जिसमें किसी व्यक्ति को खतरे से कमोबेश जितना नुकसान हो सकता है।

---

* HSE Books में 25 वर्गीकृत मुफ्त प्रकाशनों की एक प्रति का आर्डर स्वीकार किया जाता है। डिलीवरी के लिए 10 कार्यदिवस लगेंगे।



# Have you got health and safety under control?

Controlling dangers at work is no different from tackling any other task – recognising the problem, knowing enough about it, deciding what to do, putting the solution into practice.

If you have five or more employees you will need to have a written health and safety policy statement. This sets out how you manage health and safety in your organisation. On pages 44–65 of this leaflet is an example of a health and safety policy statement that you can fill in and keep at your workplace (but you do not have to use this format). Remember, you have to put what you write into practice.

You must do risk assessments – careful examinations of what could cause harm to people in your work. You can use the form on pages 66–69 of this leaflet to record your risk assessment (but you do not have to use this format).

## What law applies?

- Management of Health and Safety at Work Regulations 1999 (risk assessment)
- Health and Safety (Consultation with Employees) Regulations 1996
- Safety Representatives and Safety Committees Regulations 1977

## Does this concern me?

Did you know employers with five or more employees should have a written health and safety policy?

Did you know all employers and self-employed people have to assess the risks from work activities?

Did you know employers with five or more employees have to record the significant findings of their risk assessment?

Did you know employers have to consult their employees or their employees' safety representatives on health and safety matters?

Did you know employers have to provide health and safety training for employees?

See 'Safety Policy Statement' and 'Risk Assessment' sections at the back of this leaflet.

## How and where you can get more help

*Health and safety law poster*
Encapsulated
ISBN 0 7176 2493 5   £7.50
Rigid PVC
ISBN 0 7176 1779 3   £12.50

*Health and safety law. What you should know* Leaflet English version
FREE (available in packs of 25
ISBN 0 7176 1702 5   £5.00)

*Essentials of health and safety at work*
ISBN 0 7176 0716 X   £5.95

*Your health and safety. A guide for workers* HSE27
English version   FREE

*Consulting employees on health and safety: A guide to the law* INDG232
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 1615 0   £5.00)

*Health and safety training: What you need to know*
INDG345
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 2137 5   £5.00)

To order any of these titles, call HSE Books on
01787 881165
*or* use the order form at the back of this book *or* go to
www.hsebooks.co.uk



# क्या आपने हैल्थ और सेफ्टी पर नियन्त्रण पा लिया है?

कार्यस्थल पर खतरों पर नियन्त्रण करना अन्य कार्यों से अलग नहीं है– समस्या को समझना, इसके बारे में पर्याप्त जानकारी लेना, निर्णय लेना कि क्या किया जाए, समाधान को व्यवहार में लाना।

यदि आपके पास पांच या अधिक कर्मचारी हैं तो आपके पास लिखित रूप में हैल्थ और सेफ्टी पालिसी स्टेटमेन्ट यानि नीति का बयान होना चाहिए। यह बताता है कि आप अपने संगठन में हैल्थ और सेफ्टी का प्रबन्ध कैसे करेंगे। इस लीफलेट के पृष्ठ 44–65 पर हैल्थ एन्ड सेफ्टी पालिसी स्टेटमेन्ट का उदाहरण दिया गया है, जिसे आप पूरा भरकर अपने कार्यस्थल पर रख सकते हैं (लेकिन आपको उसे बिलकुल इसी रूप (फार्मेट) में तैयार करना जरूरी नहीं है)। ध्यान रहे कि आपने जो लिखा है उसपर अमल भी करना होगा।

आपको खतरों का आकलन करना ही होगा – उन तथ्यों को ध्यानपूर्वक जाँच लीजिए जो आपके कार्यस्थल पर लोगों को नुकसान पहुँचा सकते हैं। इस लीफलेट के पृष्ठ 66–69 पर दिए फार्म का प्रयोग करते हुए आप खतरे के आकलन को दर्ज कर सकते हैं (लेकिन आपको इसे बिलकुल इसी रूप या फार्मेट में तैयार करना जरूरी नहीं है)।

## कौन सा कानून लागू होता है?

- मैनेजमेन्ट ऑफ हैल्थ एण्ड सेफ्टी एट वर्क रेग्यूलेशन्स 1999 (Management of Health and Safety at Work Regulations 1999 (ख़तरे का आकलन)
- हैल्थ और सेफ्टी (कन्सल्टेशन विद एम्प्लाईज) रेग्यूलेशन्स 1996 (Health and Safety (Consultation with Employees) Regulations 1996)
- सेफ्टी रिप्रेज़ेन्टेटिव्स एण्ड सेफ्टी कमिटीज रेग्यूलेशन्स 1977 (Safety Representatives and Safety Committees Regulations 1977)

## क्या इसका संबंध मुझसे है?

क्या आप जानते हैं कि अगर आपके पास पांच या अधिक कर्मचारी हैं, तो आपके पास लिखित रूप में हैल्थ और सेफ्टी पालिसी स्टेटमेन्ट यानि नीति का बयान होना चाहिए?

क्या आप जानते हैं कि सभी नियोक्ताओं और अपने रोज़गार में लगे लोगों को अपने व्यवसाय के खतरों का मूल्यांकन करना चाहिए?

क्या आप जानते हैं कि यदि आपके पास पांच या अधिक कर्मचारी हैं तो आपको अपने व्यवसाय के खतरों के मूल्यांकन की प्रमुख जानकारी का रिकार्ड तैयार करना चाहिए?

क्या आप जानते हैं कि नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों या उनके प्रतिनिधियों से हैल्थ और सेफ्टी के मुद्दों पर परामर्श करना चाहिए?

क्या आप जानते हैं कि नियोक्ताओं को अपने कर्मचारियों को हैल्थ और सेफ्टी की ट्रेनिंग देनी चाहिए?

इसी लीफलेट के पीछे देखिए 'सेफ्टी पालिसी स्टेटमेन्ट' और जोखिम का आकलन'।

## आप अधिक मदद कहाँ और कैसे ले सकते हैं?

*एच एस ई इन्फोलाइन इस विषय पर आपको हिन्दी में और भी सलाह दे सकती है। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ–5 देखिए, इसी पृष्ठ के सामने वाले पृष्ठ पर अंग्रेजी के प्रकाशन दिए गए हैं, जो आपके और आपके स्टाफ सदस्यों के लिए मददगार हो सकते हैं। यदि हाल ही में इससे जुड़ा हुआ कोई प्रकाशन हिन्दी में हुआ है तो इन्फोलाइन पर आपको जरूर बताया जाएगा।*

*यौर हैल्थ एण्ड सेफ्टी अ गाइड फार वर्कर्स* HSE27 *(Your health and safety. A guide for workers* HSE27*)* हिन्दी संस्करण –**मुफ्त**

*हैल्थ एण्ड सेफ्टी लॉ. व्हाट यू शुड नो Health and safety law. What you should know)* लीफलेट हिन्दी संस्करण
**मुफ्त** (25 के पैक में उपलब्ध है – ISBN 0 7176 2029 8 £5.00)



# What are the chances of slipping or tripping at work?

The most common cause of injuries at work is the slip or trip. Resulting falls can be serious. They happen in all kinds of businesses, but sectors such as food and catering report higher than average numbers. It's a particularly important subject if members of the public use your premises. The estimated cost to employers of all these injuries is over £300 million a year, and insurance only covers a small part of this. Effective solutions are often simple, cheap and lead to other benefits.

## What law applies?

- Workplace (Health, Safety and Welfare) Regulations 1992

## Does this concern me?

Do you have floors which are, or can become, slippery, eg when wet?

Does spillage or contamination occur and is it dealt with quickly?

Do people use unlit areas such as paths or yards in the dark?

Might temporary work such as maintenance or alterations take place? It could introduce slipping and tripping hazards such as trailing cables.

Do you use floor cleaning materials anywhere? Are the right methods and materials being used?

Have you assessed the risks from slips and trips?



## How and where you can get more help

*Preventing slips, trips and falls at work* INDG225
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 1183 3 £5.00)

*Workplace health, safety and welfare* INDG244
FREE (available in packs of 10
ISBN 0 7176 1328 3 £5.00)

*Slips and trips: Guidance for the food processing industry* HSG156
ISBN 0 7176 0832 8 £9.75

*Slips and trips: Guidance for employers on identifying hazards and controlling risks* HSG155
ISBN 0 7176 1145 0 £7.50

To order any of these titles, call HSE Books on
01787 881165
*or* use the order form at the back of this book *or* go to
www.hsebooks.co.uk



# काम करते समय फिसलने या ठोकर खाने की क्या सम्भावना है?

## क्या इसका संबंध मुझसे है?

क्या आपके फर्श ऐसे हैं जो फिसलन वाले हैं या गीले होने पर फिसलने वाले हो जाते हैं?

क्या तरल पदार्थ या ऐसी ही दूसरी चीजें गिरती हैं और इन्हें जल्द ही साफ किया जाता है?

क्या लोग प्रकाश रहित इलाकों जैसे अंधेरे रास्तों या यार्ड का प्रयोग करते हैं?

क्या अस्थायी कार्य जैसे कि रखरखाव या बदलाव के काम किए जाते हैं? इससे फिसलन और ठोकर खाने का खतरा पैदा हो सकता है, जैसे जमीन पर बिखरी केबल।

क्या आप कहीं भी फर्श साफ करने वाली चीजें इस्तेमाल करते हैं? क्या सफाई के लिए सही तरीके और चीजें इस्तेमाल होती हैं?

क्या आपने फिसलने और ठोकर लगने की सम्भावना का अनुमान लगाया है?

काम के दौरान चोट लगने का सबसे सामान्य कारण है फिसलना या ठोकर लगना। इसकी वजह से गिरने पर हालत नाज़ुक हो सकती है। ये किसी भी तरह के कारोबार में हो सकती है लेकिन खाने और केटरिंग में ये घटनाएं औसत से अधिक है। यदि आपके परिसर का प्रयोग आम जनता भी करती है तो यह निहायत ज़रूरी विषय हो जाता है। इस प्रकार की चोटों से नियोक्ताओं पर साल में £300 मिलियन से भी ज्यादा की लागत आती है और बीमा में इसका छोटा सा हिस्सा ही कवर हो पाता है। इसके प्रभावी समाधान कई बार सरल व सस्ते हैं और दूसरे फायदे पहुँचाते हैं।

## कौन सा कानून लागू होता है?

- वर्कप्लेस (हेल्थ, सेफ्टी एण्ड वेलफेयर) रेग्यूलेशन्स 1992 (Workplace (Health, Safety and Welfare) Regulations 1992)



## आप अधिक मदद कहाँ और कैसे ले सकते हैं?

*एच एस ई इन्फोलाइन इस विषय पर आपको हिन्दी में और भी सलाह दे सकती है। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ–5 देखिए, इसी पृष्ठ के सामने वाले पृष्ठ पर अंग्रेजी के प्रकाशन दिए गए हैं, जो आपके और आपके स्टाफ के सदस्यों के लिए मददगार हो सकते हैं। यदि हाल ही में इससे जुड़ा हुआ कोई प्रकाशन हिन्दी में हुआ है तो इन्फोलाइन पर आपको जरूर बताया जाएगा।*



# Do you work with, or come into contact with, asbestos?

Asbestos is the largest single cause of work-related fatal disease and ill health in Great Britain. Almost all asbestos-related deaths and ill health are from exposures several decades ago, but if you work with asbestos, or come into contact with it during repair and maintenance work, you are at risk. You should avoid working with asbestos if possible, but if not you must do it safely.

Asbestos can be found in buildings built from 1950 to 1985 in many forms. It may also be found in some vehicle brake pads and clutch linings.

## What law applies?

- Control of Asbestos at Work Regulations 1987 (as amended)
- Asbestos (Licensing) Regulations 1983 (as amended)
- Asbestos (Prohibitions) Regulations 1992 (as amended)

## Does this concern me?

Do you know whether there is asbestos in your premises? It is often found in roofs and exterior walls, boilers, vessels and pipework, ceilings, interior walls and panels, flooring materials, air handling systems, domestic appliances, brake/clutch linings, fire blankets, etc.

Does your work involve maintenance and repair of premises? You might disturb asbestos while doing routine work.

Do you know what the rules are about removing asbestos? In most cases, you will need to use a contractor licensed by HSE to work with asbestos.

Would you know how to find someone licensed to do this work?

Do you know whether there is asbestos in any of the materials you work with?

Have you assessed the risks from asbestos?

## How and where you can get more help

*Work with asbestos insulation, asbestos coating and asbestos insulating board* Approved Code of Practice L28
ISBN 0 7176 2563 X £9.50

*Asbestos alert pocket card for building maintenance, repair and refurbishment workers* INDG188
FREE (available in packs of 25
ISBN 0 7176 1209 0 £5.00)

*The Control of Asbestos at Work* Approved Code of Practice L27
ISBN 07176 2562 1 £9.50

*A comprehensive guide to managing asbestos in premises* HSG227
ISBN 0 7176 2381 5 £12.50

*Asbestos essentials task manual: Task guidance sheets for the building maintenance and allied trades* HSG210
ISBN 0 7176 1887 0 £8.50

*Introduction to asbestos essentials: Comprehensive guidance on working with asbestos in the building maintenance and allied trades* HSG213
ISBN 0 7176 1901 X £12.50

To order any of these titles, call HSE Books on
01787 881165
*or* use the order form at the back of this book *or* go to
www.hsebooks.co.uk



# क्या आप एस्बेस्टस का काम करते हैं, या इसके सम्पर्क में आते हैं?

## क्या इसका संबंध मुझसे है?

क्या आप जानते हैं कि आपके परिसर में एस्बेस्टस है? आम तौर पर यह छतों और बाहरी दीवारों, बॉयलरों, वेसेल्स और पाइपवर्क, सीलिंग, भीतरी दीवारों और पैनलों, फ्लोरिंग मैटिरियल, एयर हैन्डलिन्ग सिस्टम, घरेलू उपकरणों, ब्रेक/क्लच लाइनिंग, फायर ब्लेंकेट आदि में प्रयोग किया जाता है।

क्या आपके काम में परिसर का रखरखाव और मरम्मत शामिल हैं? सामान्य काम के दौरान भी आप एस्बेस्टस को उलट-पलट सकते हैं।

क्या आप जानते हैं कि एस्बेस्टस को हटाने के क्या नियम हैं? ज्यादातर मामलों में आपको ऐसे कन्ट्रेक्ट की सेवाएं लेनी होंगी जिसे एस्बेस्टस का काम करने के लिए एच एस ई से लाइसेन्स मिला हुआ है।

इस काम को करने के लिए लाइसेन्सशुदा व्यक्ति तलाशने के बारे में आप क्या जानते हैं?

क्या आप जानते हैं कि जिन वस्तुओं से आप काम कर लेते हैं उनमें एस्बेस्टस है या नहीं?

क्या आपने एस्बेस्टस से खतरे का आकलन किया है?

काम के दौरान होने वाली घातक बीमारियों और खराब सेहत के लिए ग्रेट ब्रिटेन में एस्बेस्टस एक बड़ा कारण है। एस्बेस्टस के कारण हुई सभी मौतें और खराब सेहत दसियों बरस पहले से एस्बेस्टस के सम्पर्क में रहने से है, लेकिन अगर आप एस्बेस्टस का काम करते हैं या मरम्मत और रखरखाव कार्यों के दौरान आप इसके सम्पर्क में आते हैं तो आप को जोखिम है। यदि सम्भव हो तो आप एस्बेस्टस का कामकाज न करें, लेकिन नहीं है तो सावधानी रखें।

1950 से 1985 के बीच बनी इमारत में एस्बेस्टस तरह-तरह से इस्तेमाल किया गया है। इसे कुछ गाड़ियों के ब्रेक पेड्स और क्लब लायनिंग में भी इस्तेमाल किया जाता है।




## कौन सा कानून लागू होता है?

- कन्ट्रोल आफ एस्बेस्टस एट वर्क रेग्युलेशन्स, 1987 (यथा संशोधित) (Control of Asbestos at Work Regulations 1987 (as amended))
- एस्बेस्टस (लाइसेंसिंग) रेग्युलेशन्स, 1983 (यथा संशोधित) (Asbestos (Licensing) Regulations 1983 (as amended))
- एस्बेस्टस (प्रोहिबिशन्स) रेग्युलेशन्स, 1992 (यथा संशोधित) (Asbestos (Prohibitions) Regulations 1992 (as amended))

## आप अधिक मदद कहाँ और कैसे ले सकते हैं?

*एच एस ई इन्फोलाइन इस विषय पर आपको हिन्दी में और भी सलाह दे सकती है। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ-5 देखिए, इसी पृष्ठ के सामने वाले पृष्ठ पर अंग्रेजी के प्रकाशन दिए गए हैं, जो आपके और आपके स्टाफ के सदस्यों के लिए मददगार हो सकते हैं। यदि हाल ही में इससे जुड़ा हुआ कोई प्रकाशन हिन्दी में हुआ है तो इन्फोलाइन पर आपको जरूर बताया जाएगा।*



# Do you work with hazardous substances?

## Does this concern me?

Do you use chemicals at work (including cleaning materials)?

Do you know suppliers of hazardous substances have to provide information to users, including safety data sheets and proper labelling?

Is there dust and fume present in your workplace?

Do you have any water systems which could be colonised by legionella, the bacteria that causes legionnaires' disease?

Do you work with animals or their products? These may cause skin or respiratory sensitisation or be infected with bacteria or viruses.

Have you assessed the risks from hazardous substances?

Thousands of people are exposed to all kinds of hazardous substances at work. These can include chemicals that people make or work with directly, and also dust, fume and bacteria which can be present in the workplace. Exposure can happen by breathing them in, contact with the skin, splashing them into the eyes or swallowing them. If exposure is not prevented or properly controlled, it can cause serious illness, including cancer, asthma and dermatitis, and sometimes even death. See also section on 'Fire and explosion' on page 36 and the 'safe handling and use of substances' section of the Health and Safety Policy Statement on page 54.

## What law applies?

- Control of Substances Hazardous to Health Regulations 2002 (COSHH)
- Chemicals (Hazard Information and Packaging for Supply) Regulations 2002
- Control of Lead at Work Regulations 2002

## How and where you can get more help

HSE's Infoline can help identify publications relevant to you.

*COSHH: A brief guide to the Regulations* INDG136(rev2)
FREE (available in packs of 10
ISBN 0 7176 2677 6 £5.00)

*COSHH essentials: Easy steps to control chemicals. Control of Substances Hazardous to Health Regulations* HSG193
ISBN 0 7176 2421 8 £25.00.
A FREE internet version is also available on: www.coshh-essentials.org.uk

*Preventing dermatitis at work* INDG233
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 1246 5 £5.00)

*Respiratory sensitisers and COSHH: Breathe freely – An employers' leaflet on preventing occupational asthma* Leaflet INDG95(rev2)
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 0914 6 £5.00)

*Health risk management – a practical guide for managers in small and medium sized enterprises* HSG137
ISBN 0 7176 0905 7 £6.50

To order any of these titles, call HSE Books on
**01787 881165**
*or* use the order form at the back of this book *or* go to
**www.hsebooks.co.uk**



# क्या आप खतरनाक पदार्थों के साथ काम करते हैं?

हजारों लोग ऐसे हैं जिन्हें काम के दौरान सभी प्रकार के खतरनाक पदार्थों से खतरा है। इसमें ऐसे रसायन हैं जिन्हें लोग तैयार करते हैं, या सीधे रसायनों से काम करते हैं। साथ ही कार्यस्थल पर धूल, धुंआ और बैक्टीरिया भी हो सकते हैं। सांस के रास्ते, चमड़ी पर लगने, आँख में पड़ जाने या निगलने से इनसे खतरा हो सकता है। यदि इनके सम्पर्क में आने से बचाव न किया जाए या उचित रूप से इन्हें काबू में न रखा जाए तो कैंसर, दमा और डर्मेटाइटिस जैसी कई गम्भीर बीमारियां हो सकती हैं, जो कई बार मौत का कारण भी बन जाती हैं। पृष्ठ 37 पर 'आग तथा विस्फोट' तथा पृष्ठ 55 पर हैल्थ एन्ड सेफ्टी पालिसी स्टेटमेन्ट के 'सेफ हैन्डलिंग एन्ड यूज ऑफ सबस्टेंटिस' भाग को भी देखिए।

## क्या इसका संबंध मुझसे है?

क्या आप काम के दौरान रसायनों का प्रयोग करते हैं (क्लीनिंग सामग्री सहित)?

क्या आप जानते हैं कि खतरनाक पदार्थों के सप्लायरों को जानकारी देनी होती है, जिसमें सेफ्टी डाटा शीट और उचित लेबलिंग भी शामिल है?

क्या आपके कार्यस्थल पर धुंआ और धूल रहती है?

क्या आपके यहां कोई जल प्रणाली है जिसमें, लीजनेर्स बीमारी (legionnaires' disease) पैदा करने वाले बैक्टीरिया लीजानेला (legionella) पनप सकते हैं?

क्या आप जानवरों और उनके उत्पादों का काम करते हैं? इससे चर्म या साँस के रोग हो सकते हैं या बैक्टीरिया या वायरस से संक्रमण हो सकता है?

क्या आपने खतरनाक पदार्थों से खतरों का आकलन किया है?

## कौन-सा कानून लागू होता है?

- क्न्ट्रोल ऑफ सबस्टेंसिस हेजार्डअस टू हेल्थ रेग्यूलेशन्स 2002 (सी ओ एस एच एच – कौश) Control of Substances Hazardous to Health Regulations 2002 (COSHH)
- केमिकल्स (हेजाई इनफार्मेशन एन्ड पैकेजिंग फॉर सप्लाई) रेग्यूलेशन्स 2002 (Chemicals (Hazard Information and Packaging for Supply) Regulations 2002)
- क्न्ट्रोल ऑफ लेड एट वर्क रेग्यूलेशन्स 2002 (Control of Lead at Work Regulations 2002)






## आप अधिक मदद कहाँ और कैसे ले सकते हैं?

*एच एस ई इन्फोलाइन इस विषय पर आपको हिन्दी में और भी सलाह दे सकती है। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ–5 देखिए, इसी पृष्ठ के सामने वाले पृष्ठ पर अंग्रेजी के प्रकाशन दिए गए हैं, जो आपके और आपके स्टाफ के सदस्यों के लिए मददगार हो सकते हैं। यदि हाल ही में इससे जुड़ा हुआ कोई प्रकाशन हिन्दी में हुआ है तो इन्फोलाइन पर आपको जरूर बताया जाएगा।*



# Do you perform work at height and if so is it done safely?

Falls from a height account for around 70 fatalities and 4000 major injuries every year. One of the main causes is falls from ladders. To help prevent falls from height you should consider the risks to all your workers, ensure they are trained and have suitable and safe equipment for the tasks, are properly managed and supervised. You should also ensure that sufficient protection measures (eg suitable and sufficient personal protective equipment) are in place while they are working at height.



## Does this concern me?

Do you carry out simple maintenance or cleaning tasks that require working at heights?

Do you have the most appropriate equipment for the task? It may often be safer to use an access tower or mobile elevating work platform rather than a ladder.

Do you know what work is done at height and how it is performed? For example, does anyone ever have to work on the roof, or on or near fragile surfaces?

Are your employees trained in the use of the particular equipment they use for working at height?

Have you assessed the risks from working at height?

## What law applies?

- Provision and Use of Work Equipment Regulations 1998
- Lifting Operations and Lifting Equipment Regulations 1998
- Construction (Health, Safety and Welfare) Regulations 1996

## How and where you can get more help

*Simple guide to the Provision and Use of Work Equipment Regulations 1998* INDG291
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 2429 3 £5.00)

*Simple guide to the Lifting Operations and Lifting Equipment Regulations 1998* INDG290
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 2430 7 £5.00)

*Using work equipment safely* INDG229(rev1)
FREE (available in packs of 10
ISBN 0 7176 2389 0 £5.00)

To order any of these titles, call HSE Books on
01787 881165
*or* use the order form at the back of this book *or* go to
www.hsebooks.co.uk



# क्या आप ऊँचाई पर काम करते हैं और यदि ऐसा है तो क्या काम आप सुरक्षापूर्वक करते हैं?

ऊँचाई से गिरने के कारण हर साल लगभग 70 मौतें और 4000 गम्भीर रूप से घायल होने की घटनाएं होती हैं। गिरने के प्रमुख कारणों में सीढ़ी भी एक है। ऊँचाई से गिरने से बचने के लिए आप अपने सभी वर्करों को हो सकने वाले जोखिम का आकलन कीजिए। यह सुनिश्चित कीजिए कि उन्हें काम के लिए ट्रेनिंग दी गई है और उनके पास उचित और सुरक्षित उपकरण हैं। साथ ही उनका सही तौर पर प्रबन्ध और निगरानी कीजिए। आपको यह भी तय करना होगा कि जब वे ऊँचाई पर कार्य कर रहे हों तो कार्यस्थल पर पर्याप्त साधन (जैसे लोगों को बचाने के लिए उचित और पर्याप्त उपकरण) मौजूद हैं।



## क्या इसका संबंध मुझसे है?

क्या आप सामान्य रखरखाव या सफाई के काम करते हैं, जिनमें ऊँचाई पर काम करना पड़ता है?

क्या इस काम के लिए आपके पास समुचित उपकरण हैं? बहुधा यह सुरक्षित होता है कि सीढ़ी की बजाय एक्सेस टावर या मोबाइल एलीवेटिंग वर्क प्लेटफार्म का प्रयोग किया जाए।

क्या आप जानते हैं कि ऊँचाई पर क्या काम करना है और इसे कैसे किया जाए? उदाहरण के लिए क्या किसी को छत पर या फिर नाज़ुक या नाज़ुक जैसी सतह पर काम करना पड़ता हैं?

क्या आपके कर्मचारियों को ऊँचाई पर काम करने के उपकरण इस्तेमाल करने की ट्रेनिंग दी गई हैं?

क्या आपने ऊँचाई पर काम करने के जोखिम का आकलन किया है?

## कौन सा कानून लागू होता है?

- प्रोविजन एन्ड यूज़ ऑफ इक्विपमेन्ट रेग्यूलेशन्स 1998 (Provision and Use of Work Equipment Regulations 1998)
- लिफिटिंग ऑपरेशन्स एन्ड लिफिटिंग इक्विपमेन्ट रेग्यूलेशन्स 1998 (Lifting Operations and Lifting Equipment Regulations 1998)
- कन्सट्रक्शन (हेल्थ, सेफ्टी एन्ड वेलफेयर) रेग्यूलेशन्स 1996 (Construction (Health, Safety and Welfare) Regulations 1996)

## आप अधिक मदद कहाँ और कैसे ले सकते हैं?

*एच एस ई इन्फोलाइन इस विषय पर आपको हिन्दी में और भी सलाह दे सकती है। अधिक जानकारी के लिए पृष्ठ–5 देखिए, इसी पृष्ठ के सामने वाले पृष्ठ पर अंग्रेज़ी के प्रकाशन दिए गए हैं, जो आपके और आपके स्टाफ के सदस्यों के लिए मददगार हो सकते हैं। यदि हाल ही में इससे जुड़ा हुआ कोई प्रकाशन हिन्दी में हुआ है तो इन्फोलाइन पर आपको जरूर बताया जाएगा।*



# Do you suffer from sprains, strains and pains?

## Does this concern me?

Does your work include strenuous lifting, carrying, pushing, pulling, reaching or repetitive handling?

Do you have repetitive finger, hand or arm movements which are frequent, forceful or awkward?

Does your work involve twisting, squeezing, hammering or pounding?

Have you assessed the risks from manual handling?

Manual handling is transporting or supporting loads by hand or using bodily force. Many people hurt their back, arms, hands or feet lifting everyday loads, not just when the load is too heavy. More than a third of all over-three-day injuries reported each year to HSE and to local authorities are the result of manual handling. These can result in those injured taking an average of 11 working days off each year.

'Upper limbs' refers to the neck, shoulders, arms, wrists, hands and fingers. Upper limb disorders (sometimes called repetitive strain injury (RSI)) can happen in almost any workplace where people do repetitive, or forceful manual activities in awkward postures, for prolonged periods of time. These can cause muscular aches and pains, which may initially be temporary, but if such work is not properly managed, and the early symptoms are not recognised and treated, can progress to a chronic and disabling disorder. Cumulative damage can build up over time causing pain and discomfort in people's backs, arms, hands and legs. Most cases can be avoided by providing suitable lifting equipment that is regularly maintained, together with relevant training on both manual handling and using the equipment safely (see page 28 'Work equipment and machinery').

## What law applies?

- Manual Handling Operations Regulations 1992
- Management of Health and Safety at Work Regulations 1999

## How and where you can get more help

*Aching arms (or RSI) in small businesses: Is ill health due to upper limb disorders a problem in your workplace?* INDG171(rev1)
FREE (available in packs of 15
ISBN 0 7176 2600 8 £5.00)

*Upper limb disorders in the workplace* HSG60
ISBN 0 7176 1978 8 £9.50

*Getting to grips with manual handling – a short guide for employers* INDG143(rev1)
(available in packs of 15
ISBN 0 7176 1754 8 £5.00)

To order any of these titles, call HSE Books on
01787 881165
*or* use the order form at the back of this book *or* go to
www.hsebooks.co.uk



# क्या आप मोच, खिंचाव और दर्द से पीड़ित हैं?

## क्या इसका संबंध मुझसे है?

क्या आपके काम में बोझा उठाना, लाद कर ले जाना, धकेलना, खींचना, रीचिंग या बार-बार उठाना-रखना शामिल है?

क्या आपके काम में उंगलियों, हाथों या बांह बार-बार हिलाने-डुलाने पड़ते हैं, जो बार-बार, जोर लगाकर या अचानक होते हैं?

क्या आपके काम में मरोड़ना, निचोड़ना, हथौड़ा चलाना या कुटाई करना शामिल हैं?

क्या आपने इन्सानों द्वारा काम करने में जोखिम का आकलन किया है?

भारी सामान को हाथ या शारीरिक बल का प्रयोग करते हुए लाना-ले जाना या उठाना इंसानी तौर पर रखरखाव कहलाता है। रोजाना भार उठाते हुए कई लोग अपनी पीठ, बांह, हाथ या पैरों पर चोट खा बैठते हैं, सिर्फ इसलिए नहीं कि सामान बहुत भारी था। एच एस ई और लोकल अथारिटी के पास प्रतिदिन रिपोर्ट की गई सभी ऐसी चोटें जो तीन दिन से ज्यादा रहें, उनमें एक तिहाई ऐसी हैं, जिनकी वजह इन्सानी तौर पर रखरखाव है। घायल लोग औसतन सालाना 11 कार्य दिवस छुट्टी के रूप में लेते हैं।

